>

Title: Regarding utilization of funds allocated to District Mineral Foundation Trust - Laid

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा): भारत सरकार ने खनन प्रभावित जिलों में प्रधानमंत्री खनज क्षेत्र कल्याण योजना शुरू की है । जिसमें जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डी. एम.एफ.टी.) के माध्यम से विकास कार्य करवाये जा रहे हैं । इस योजना से कम से कम 60 प्रतिशत राशि का उपयोग उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों जैसे पेयजल आपूर्ति, प्रदूषण नियंत्रण, स्वास्थ्य, शिक्षा स्वच्छता एवं शेष 40 प्रतिशत सिंचाई, बिजली एवं जल संग्रह विकास आदि में उपयोग करना चाहिए । मेरे लोक सभा क्षेत्र के अकेले चतरा जिले में डीएमएफटी मद में 400 करोड़ रूपये की राशि उपलब्ध है । इसका उपयोग जल संरक्षण, तालाब, आहर गहरीकरण के लिए करना चाहिए ।

भारत सरकार ने जल शक्ति अभियान की शुरूआत की घोषणा की है । यह अभियान जल संरक्षण और जल सुरक्षा के लिए चलाया जायेगा । मानसून मौसम के दौरान 1 जुलाई से 15 सितम्बर 2019 तक जन भागीदारी से यह अभियान चलाया जाएगा । कुछ राज्यों के लिए अभियान का दूसरा चरण 1 अक्टूबर से 30 नवंबर 2019 तक चलाया जाएग, जहां इस दौरान मानसूनी बारिशें होगी । इस अभियान में पानी की कमी वाले जिलों और प्रखंडों पर जोर दिया जायेगा । केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जी ने कहा है कि जल शक्ति अभियान से जल संरक्षण के लिए लोगों में सकारात्मक बदलाव होना चाहिए । प्रधानमंत्री जी द्वारा 2.3 लाख से भी अधिक सरपंचों को हाल में लिखे गये पत्र के प्रभाव से लोगों का जल संभरण, तालाबों एवं ग्रामीण टांकों के रखरखाव तथा जल संरक्षण के लिए काम करने में मदद मिलेगी ।

मेरी सरकार से मांग है कि डीएमएफटी की राशि उपयोग पुराने जल संचय के साधनों जैसे तालाब, आहर, वाटर हारवेस्टिंग आदि के लिए किये जाने

के निर्देश जारी करें। साथ ही वॉटर बॉडिज को जीओ-टैगिंग से जोड़ा जाए।